'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 141 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए मंगलवार, 06 अगस्त 2024 samachargate@gmail.com

ट्रैक्टर चालक ने भाई-बहन को कुचला, भाई की मौत



Page 3

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक, अनेक योजनाओं को दी मंजूरी

समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में नई एकीकृत लाइसेंसिंग नीति (एनआईएलपी)-2022 के खंड 2.1 और 2.2 में संशोधन को मंजूरी दी गई है, जिसके तहत सामान्य आवासीय प्लॉटिड लाइसेंस प्राप्त कॉलोनियों के समान आवासीय प्लॉटिड घटक के तहत क्रय योग्य विकास अधिकार (पीडीआर) की अनुमति दी गई है।

एनआईएलपी कॉलोनियों और सामान्य आवासीय प्लॉटिड कॉलोनियों के बीच समानता लाने के उद्देश्य से किए गए संशोधनों के तहत अब क्रय योग्य विकास अधिकार (पीडीआर) के माध्यम से अतिरिक्त फ्लोर एरिया अनुपात (एफएआर) के आवंटन की अनुमति दी जाएगी। नए प्रावधानों के तहत पहले दिए गए अतिरिक्त 0.25 एफएआर को हरियाणा बिल्डिंग कोड-2017 के अनुसार आवासीय प्लॉट पर आगे क्रय योग्य एफएआर द्वारा पूरक किया जाएगा।

संशोधन के अनुसार कॉलोनाइजर को एफएआर के मापदंडों के भीतर समूह आवास, भूखंड, पॉकेट आवास आदि जैसे उपयोगों के लिए आवासीय घटक आवंटित करने की स्वतंत्रता होगी। संशोधन यह



सुनिश्चित करते हैं कि एनआईएलपी कॉलोनियों में डेवलपर्स अब अन्य आवासीय प्लॉटिड कॉलोनियों के समान लाभ उठा सकते हैं, जिससे संतुलित शहरी विकास को बढ़ावा मिलेगा।

हरियाणा मंत्रिमंडल ने 14 शहीदों के आश्रितों को नौकरी देने की मंजूरी दी। हरियाणा मंत्रिमंडल ने सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारियों के लिए पेंशन/पारिवारिक पेंशन में संशोधन को मंजूरी दी। हरियाणा सिख गुरुद्वारा (प्रबंधन) अधिनियम, 2014 में संशोधन के लिए अध्यादेश लाने की तैयारी है। अब आयोग के सदस्य और अध्यक्ष के रूप में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति पर भी विचार किया जाएगा। बस स्टैंडों पर ठेकेदार/दुकानदारों के हित में सरकार ने किराया/समायोजन/वापसी योजना बनाई।

1 अप्रैल से 30 जून, 2020 तक की अवधि के लिए किराए पर शत-प्रतिशत छूट मिलेगी। 1 जुलाई से 31 जुलाई 2020 तक के किराए में 50 प्रतिशत छूट के ठेकेदार/दुकानदार पात्र होंगे।

खनन विभाग के अधिकारियों को भी चालान करने की शक्ति होगी। परिवहन विभाग के प्रस्ताव को हरियाणा मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी।

खनन अधिकारी या इससे उच्च रैंक के अधिकारी खनन सामग्री ले जाने वाले माल वाहकों के चालान कर सकेंगे। सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद करने वाला देश का एकमात्र राज्य बन गया है हरियाणा। अब 10 और फसलों की एसएसपी पर खरीद होगी। पिछड़े वर्ग-बी को भी पालिकाओं और पंचायती राज संस्थाओं में आरक्षण मिलेगा।

हरियाणा सरकार ने वाहन स्क्रैपेज और रीसाइक्लिंग सुविधा प्रोत्साहन नीति 2024 को मंजूरी दी। हरियाणा मंत्रिमंडल ने लाभार्थियों के लिए अधिक वित्तीय लचीलापन सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना में संशोधन को मंजूरी दी। हरियाणा मंत्रिमंडल ने हरियाणा अनिवार्य विवाह पंजीकरण नियमों में संशोधन को मंजूरी दी। विवाह पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए एडीसी-कम-डीसीआरआईओज जिला रजिस्ट्रार के रूप में कार्य करेंगे। मैन्युअल आवेदनों के स्थान पर ऑनलाइन विवाह पंजीकरण पोर्टल की शुरुआत की। अंग्रेजों के जमाने से चली आ रही आबियाना प्रथा को खत्म किया। किसानों का लगभग 133.55 करोड़ रुपये का आबियाना बकाया भी माफ कर दिया। वर्ष 2014 से अब तक प्रदेश में 403 शहीदों के आश्रितों को अनुकंपा आधार पर नौकरियां दी गई। दुग्ध प्लांटों की डिफाल्ट राशि पर विवादों का समाधान स्कीम को मंजूरी दी। 30 सितंबर 2024 तक देना डिफाल्ट राशि का 50 प्रतिशत होगा।

## मुख्यमंत्री ने गौवंश संरक्षण और गौशालाओं को सशक्त बनाने के लिए की अनेक बड़ी घोषणाएं

समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश को बेसहारा गौवंश मुक्त प्रदेश बनाने के लिए बेसहारा गौवंश मुक्त अभियान का शुभारंभ करते हुए गौवंश संरक्षण और गौशालाओं को सशक्त बनाने के लिए अनेक बड़ी घोषणाएं की। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने यह घोषणाएं आज पंचकूला में आयोजित गौसेवा सम्मेलन में की। उन्होंने प्रति गाय 4 रूपये प्रतिदिन के हिसाब से सभी गौशालाओं को चारे के लिए अनुदान राशि को एक अगस्त 2024 से पांच गुना करके प्रति गाय 20 रूपये प्रतिदिन करने की घोषणा की। इसके अलावा उन्होंने नंदी के लिए 25 रूपये प्रतिदिन और बछड़ा/बछड़ी के लिए 10 रूपये प्रतिदिन चारा अनुदान की घोषणा भी की।



**बेसहारा गाय/बछड़ा/बछड़ी पकड़कर अपनी गौशाला में लाने के लिए मिलेगा तुरंत नगद भुगतान**

उन्होंने बेसहारा गाय/बछड़ा/बछड़ी पकड़कर अपनी गौशाला में लाने के लिए 600 रूपये प्रति गाय और 800 रूपये प्रति नन्दी की दर से तुरंत नगद भुगतान करने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि ऐसे पकड़े गए बेसहारा पशुओं में से बछड़ा/बछड़ी के लिए 20 रूपये, गाय के लिए 30 रूपये तथा नन्दी के लिए 40 रूपये प्रतिदिन चारा के लिए अनुदान दिया जाएगा।

**ग्राम पंचायत द्वारा पट्टे पर पंचायती जमीन देने की स्वीकृति अब सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय से मिल सकेगी**

नायब सिंह सैनी ने घोषणा करते हुए कहा कि ग्राम शामलात भूमि हरियाणा संशोधन नियम 2023 के तहत अब सरकार की स्वीकृत उपरांत कोई भी पंचायत अपनी पंचायती भूमि गौशाला की स्थापना के लिए 20 सालों के पट्टे पर किसी संस्थान को दे सकती है। हमने इस नियम के तहत अब तक दो गौशालाओं को पंचायती भूमि पट्टे पर देने का काम किया है, जिसमें जिला नूंह की ग्राम पंचायत हसनपुर और रांगला शामिल हैं। हमने ये भी निर्णय किया है कि ग्राम पंचायत द्वारा पट्टे पर पंचायती जमीन देने की यह स्वीकृति पहले मंत्री परिषद की बैठक में दी जाती थी, अब यह स्वीकृति मुख्यमंत्री कार्यालय से ही मिलनी शुरू हो जाएगी।

**क्षमता के हिसाब से गौशालाओं को 1.25 लाख रूप्ये प्रति ई-रिक्शा के मिलेंगे**

उन्होंने घोषणा की कि प्रदेश में नई गौशाला के लिए जमीन खरीदने पर कोई स्टाम्प डयूटी नहीं लगेगी। साथ ही नई गौशाला के लिए ना तो सीएलयू लेने की आवश्यकता होगी और ना ही कोई ईडीसी या और किसी किस्म की फीस देनी होगी। गौशाला में एक ट्यूबवैल लगाने के लिए कोई अनुमति आवश्यक नहीं होगी।

इस अवसर पर हरियाणा गौसेवा आयोग के उपाध्यक्ष पूर्ण यादव, पशुधन विकास बोर्ड अध्यक्ष धर्मवीर मिर्जापुर, विधायक कोसली लछमन यादव और जगदीश नैयर, भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, शिवालिक बोर्ड के उपाध्यक्ष ओम प्रकाश देवीनगर, प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. राजा सेखर वुंदरू, शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त और सचिव श्री विकास गुप्ता, उपायुक्त डा. यश गर्ग, पुलिस उपायुक्त हिमाद्रि कौशिक समेत अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## 2019 के बाद 2024 में भी बीजेपी ने एमएसपी के मुद्दे पर विपक्ष को बैकफुट पर धकेला

**एमएसपी ने बदल दी हरियाणा प्रदेश की राजनीति**

**मनोहर के तरकश से नायब ने चलाया एमएसपी का तीर**

**विरोधी अब अपने भाषण की स्क्रिप्ट बदलने में लगे**

**2019 के विधानसभा चुनाव में भी मनोहरलाल ने छिन लिया था विपक्ष से यह मुद्दा**



समाचार गेट ब्यूरो

**गुरुग्राम।** हरियाणा में अब 24 फसलों की खरीद एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) पर होगी। ऐसा करने वाला वह देश का पहला राज्य बन गया है। यह फैसला भाजपा सरकार के लिए मास्टर स्ट्रोक साबित हो सकता है। जिसका असर तीन महीने बाद होने जा रहे विधानसभा चुनाव में साफ तौर से नजर आएगा।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने 4 अगस्त को कुरुक्षेत्र में आयोजित विजय शंखनाद रैली में इसका एलान किया तो विपक्ष अपने भाषण की स्क्रिप्ट बदलने में लग गया। एमएसपी ऐसा मुद्दा था जिसे 2019 के विधानसभा चुनाव में भी तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहरलाल अपनी समझदारी से विपक्ष के हाथों से छिनने में कामयाब हो गए थे। इसके बाद उन्होंने केंद्र सरकार से कदमताल करते हुए अपने साढ़े 9 साल के शासन में कांग्रेस और इनेलो को विधानसभा के अंदर और सड़कों पर इस मुद्दे पर बैकफुट पर रखा। उन्होंने एमएसपी पर बजाय शोर मचाने के बेहद संजीदगी से काम करना शुरू कर दिया। उन्होंने नवंबर 2023 में गन्ने के एमएसपी को 372 से बढ़ाकर 386 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया था। साथ ही 2024 के लिए भी गन्ने का एमएसपी 386 से बढ़ाकर 400 रुपये प्रति क्विंटल करने की घोषणा की। जिसकी सराहना राष्ट्रीय स्तर पर हुई। इतना ही नही फरवरी 2024 में बजट पेश करते हुए मनोहर लाल ने किसानों के कृषि ऋण पर ब्याज और लघु माफ करने की घोषणा कर दी।

उनका इरादा किसानों को हर लिहाज से आर्थिक तौर पर मजबूत करना था। जिसे पूर्व मंत्री किरण चौधरी ने भी सार्वजनिक तौर पर स्वीकार किया है। किरण चौधरी लंबे समय तक कांग्रेस में किसानों के मसलों पर रणनीति का हिस्सा रही है और अब मनोहरलाल से प्रभावित होकर भाजपा में आ चुकी है। कृषि विशेषज्ञों का भी मानना है की अप्रैल 2021 में भी मनोहरलाल ने किसानों के प्रति बड़ा दिल दिखाते हुए 10,769 किसानों को एक दिन की देरी से किए भुगतान पर ब्याज के रूप में 7,80,000 रुपये का अतिरिक्त भुगतान किया। साथ ही एलान किया की फसल खरीद का 72 घंटे में भुगतान न होने पर 9 फीसदी ब्याज मिलेगा। यह देश की पहली सरकार थी जिसने इस तरह का कदम उठाया है। वर्तमान में मनोहरलाल केंद्रीय मंत्री हैं, लेकिन उनकी किसानों के प्रति भावनात्मक सोच को मुख्यमंत्री नायब सैनी ने 24 फसलों पर एमएसपी का एलान करके मजबूत कर दिया है। सीएम पद छोडने से पहले मनोहरलाल किसान संगठनों के साथ मिलकर 10 और अन्य फसलों की एमएसपी पर खरीद को लेकर काफी चर्चाए कर चुके थे। 14 फसलों पर उनकी सरकार पहले से एमएसपी पर खरीद करती आ रही है जबकि उनके पड़ोसी राज्य पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार में इतनी फसलों पर अभी तक एमएसपी नहीं है। कुल मिलाकर 4 अगस्त को कुरुक्षेत्र की भूमि से सीएम नायब सिंह सैनी ने विजय शंखनाद रैली में 24 फसलों पर एमएसपी का एलान करके कांग्रेस-आप, इनेलो और जेजेपी की रणनीति को बदलने के लिए इनेलो और जेजेपी की रणनीति को बदलने के लिए मजबूर कर दिया है। विपक्ष अब इसका क्या तोड़ निकालेगा यह देखने वाली बात होगी।

## किसानों को एमएसपी की घोषणा नहीं कानूनी गारंटी चाहिए : कुमारी सैलजा

**विस चुनाव आता देख किसानों और जनता को गुमराह कर रही है भाजपा सरकार**

**अनाज मंडी में आने वाली हर फसल एमएसपी पर खरीदी जाए**



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़, 05 अगस्त।** अखिल भारतीय कांग्रेस की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार एमएसपी के नाम पर किसानों को गुमराह कर रही है, विधानसभा करीब देखकर किसानों की नाराजगी दूर करने के लिए बिना सिर-पैर वाली घोषणाएं कर रही, ऐसी घोषणाएं करने से कुछ नहीं होगा, किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि अनाज मंडी में आने वाली फसल को एमएसपी पर खरीदा जाए, फसल की गुणवत्ता को बहाना कर खरीद से इंकार न किया जाए ऐसे हालात में कर्ज का मारा किसान औने-पौने दाम में फसल बेचकर घर लौटता है, इससे ज्यादा शर्म की बात हो ही नहीं सकती, सरकार को अन्नदाता किसान को सम्मान करना सीखना चाहिए।

मीडिया को जारी बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को 24 फसलों पर एमएसपी की घोषणा कर एक प्रकार से किसानों को गुमराह करने का प्रयास किया है, सरकार को घोषणा के बजाए एमएसपी पर कानूनी गारंटी देनी चाहिए थी जो बहुत जरूरी है और किसान इसी के लिए संघर्ष कर रहा है क्योंकि सरकार ने आज घोषणा की है कल को इससे मुकर भी सकती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश ने पहले 14 फसलों पर एमएसपी देने का दावा करते हुए था कि ये देश में ज्यादा है, केंद्र सरकार पहले ही 24 फसलों पर एमएसपी देने की बात करती है यानि प्रदेश सरकार पहले से ही दस फसलों पर एमएसपी दे ही नहीं रही थी। इससे साबित होता है कि प्रदेश सरकार की किसानों के प्रति नीयत साफ नहीं है और उनकी कोई ठोस नीति है। उन्होंने कहा कि किसानों ने एमएसपी की कानूनी गारंटी को लेकर 15 अगस्त से दिल्ली में धरने की चेतावनी दी हुई है सरकार ने इससे घबरा कर रही एक घोषणा की है जिसका कोई औचित्य नहीं है।

उन्होंने कहा कि एमएसपी लागू करना केंद्र की योजना है जिसे राज्य सरकार लागू करती है पर एमएसपी के नाम पर मुख्यमंत्री ने घोषणा कर किसानों को अंधेरे में ही रखा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार केंद्र द्वारा निर्धारित एमएसपी कहां फसल खरीदती है, कपास की ही फसल को लेकर मंडी में आज तक एमएसपी पर खरीदी नहीं जाता, उसके रेशे में कोई न कोई कमी बताकर खरीदने से ही इंकार कर दिया जाता है ऐसे में किसान औने पौने भाव में कपास बेचकर घर चला रहा है ऐसे में भाजपा सरकार किस मुंह से स्वयं को किसान हितेषी कहती है। सरसों खरीद में भी किसानों से छल किया जाता है एक निर्धारित मात्रा में ही किसान से सरकार से सरसों खरीदी जाती है अगर सरसों की अच्छी पैदावार हो गई तो किसान सरसों लेकर कहां जाएगा। उन्होंने कहा कि सीएम ने एसएसपी को लेकर जो घोषणा की है वह सिर्फ एक घोषणा ही है, अगर सरकार किसान हितेषी है तो उसे एमएसपी पर कानूनी गारंटी देनी चाहिए।

## जनता की लड़ाई लड़ने की सजा भुगत रहा हूं : नवीन जयहिंद

समाचार गेट ब्यूरो

**रोहतक।** एक साल पहले रोहतक पीजीआई में चल रही भर्तियों में हरियाणा से बाहर के बच्चो को भर्ती किया जा रहा था। जिसे लेकर नवीन जयहिन्द और उनके साथियों ने प्रदेश के युवाओं के हक में आवाज उठाई और इसका विरोध किया। विरोध करने पर नवीन जयहिंद, सोनू मलिक (मोखरा), नवीन मलिक पर केस हूआ। इसी केस में नवीन जयहिंद, सोनू मालिक (मोखरा) 10 दिनों तक रोहतक की सुनारियां जेल में भी गए। इसी मामले को लेकर सोमवार 5 अगस्त 2024 को नवीन जयहिन्द, सोनू मलिक, की रोहतक कोर्ट में पेशी हुई। जिसमे एडवोकेट गौरव भारती उनके साथ रहे। कोर्ट द्वारा अगली सुनवाई अक्टूबर 2024 की दी गई। वही जयहिंद ने कहा की अगर संघर्ष करेंगे तो तारीख तो भुगतनी ही पड़ेगी।

जयहिंद ने कहा कि वे प्रदेश के



युवाओं के लिए लड़ रहे थे और आगे भी लड़ेंगे। आज प्रदेश के लाखों युवा बेरोजगार घूम रहे है। सरकार बाहरियों को नहीं प्रदेश के युवाओं को मौका दे।

जयहिंद ने एसवाईएल पर कहा कि आज प्रदेश में पानी की सबसे बड़ी किल्लत है वो भी पीने के पानी की किसानों के खेतों का तो और भी बड़ा बुरा हाल है कोई भी इस मुद्दे पर नहीं बोल रहा है सिर्फ एक बार इस मुद्दे पर बोलते है और फिर चार साल चुप रहते है। सरकार और विपक्ष सुप्रीम कोर्ट के आदेश को लागू क्यों नहीं लागू करवा पा रहे है वही पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान हरियाणा में चुनाव प्रचार के लिए तो आते है पानी देने की बारी आती है तो मुहं से एक शब्द नहीं निकलता ऐसे बटेऊ है जो अपने ससुराल वालों को पानी ही नहीं दे रहे हैं। एसवाईएल हरियाणा का हक्का पानी है

वही जयहिंद ने आम आदमी पार्टी की चुनावी यात्रा कहा की ये लोग हरियाणा के लोगो से गद्दारी करके हरियाणा के लोगो से ही वोट मांग रहे रहे है। एसवाईएल का नाम आते ही इन्हें सॉंप सूँघ जाता है।

जयहिंद ने आप के सांसद संजय सिंह को भी घेरते हुए कहा कि ये दारू का दलाल है। इसकी नजर हरियाणा के स्कूलों पर नहीं दारू के ठेकों पर है। अब ये हरियाणा में टिकटों की उगाही करने आया है।

**जयहिंद ने घायलो को पहुंचाया ट्रामा सेंटर**

रोहतक से जींद रोड पर जयहिन्द को रास्ते में एक भयंकर एक्सीडेंट में घायल 3 व्यक्ति दिखे, जिनमे से 2 पुरुष व 1 महिला थी। मोहन नामक घायल व्यक्ति ने बताया की हम मोटरसाईकिल पर सवार अपने घर जा रहा था। घायल लगभग 10 मिनट तक वहां दर्द में तड़पता रहा लेकिन किसी ने कोई मदद नहीं की। नवीन जयहिंद और उनके साथियों ने बिना देरी किए घायल को अपनी गाड़ी में बैठा कर रोहतक पीजीआई ट्रॉमा सेंटर में एडमिट करवा कर आए।

नवीन जयहिंद ने बताया की उन्होंने अपने जीवन में अब तक 100 से अधिक एक्सिडेंट में घायल लोगों की मदद कर हॉसपिटल पहुंचा चुके है।

नवीन जयहिंद ने कहा कि उनकी वजह किसी की जान बच जाए इससे ज्यादा आत्मा को शांति नहीं मिल सकती है। उनकी लोगों से भी यही अपील है कि वे वाहन आराम से चलाए और अगर उन्हें सड़क पर किसी घायल की मदद करने का मौका मिले तो जरूर करनी चाहिए।

## स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने सोहना अस्पताल में किया एसएनसीयू का उद्घाटन

**41 लाख की लागत से निर्मित एसएनसीयू में एक बार में 14 बच्चों का हो सकेगा उपचार**

समाचार गेट ब्यूरो

**गुरुग्राम।** सोहना के नागरिक अस्पताल में सोमवार से विशेष नवजात शिशु देखभाल यूनिट की शुरुआत हुई। स्वास्थ्य मंत्री डॉ कमल गुप्ता ने वर्चुअली इस यूनिट का उद्घाटन किया। 41 लाख रुपये की लागत से निर्मित इस इकाई में एक बार में 14 बच्चों का उपचार हो सकेगा। यह यूनिट उन्नत इनक्यूबेटर, व्यापक निगरानी प्रणाली, गंभीर देखभाल के लिए विशेष उपचार क्षेत्र, नवजात स्वास्थ्य पेशेवरों की एक समर्पित टीम सहित अन्य आधुनिक उपकरणों से लैस है।





स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने एसएनसीयू को आमजन को समर्पित करते हुए कहा कि यह इकाई नवजात मृत्यु दर को रोकने के लिए कारगर साबित होगी। यह इकाई समय से पहले जन्म, जन्म के समय कम वजन, संक्रमण और जन्म के समय श्वास में अवरोध जैसी गंभीर स्वास्थ्य स्थितियों वाले नवजात शिशुओं को गहन देखभाल प्रदान करेगी। उन्होंने हरियाणा में स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे और सेवाओं में सुधार के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पहल यह सुनिश्चित करने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है कि राज्य में जन्म लेने वाले प्रत्येक बच्चे को जीवन में सर्वोत्तम संभव शुरुआत मिले। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि सुविधा बनाते समय उच्च चिकित्सा मानकों को बनाए रखा जाए। इस दौरान उन्होंने सिविल सर्जन डॉ वीरेंद्र यादव से अस्पताल में मरीजों की संख्या, संस्थान की उपलब्धियों और अन्य प्रमुख पहलुओं के बारे में जानकारी ली। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि नवजात को समय पर बेहतर इलाज के माध्यम से हर वर्ष बढ़ रही शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सकता है। इसके लिए लोगों को भी जागरूक करने की आवश्यकता है।

इस उद्घाटन कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र यादव ने स्वास्थ्य मंत्री को इकाई की अन्य प्रमुख पहलुओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह एसएनसीयू गहन चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता वाले नवजात शिशुओं के लिए विशेष देखभाल प्रदान करने के लिए समर्पित है। यह इकाई उन्नत चिकित्सा तकनीक से सुसज्जित है। इसमें अत्यधिक कुशल नवजात शिशु विशेषज्ञों, नर्सों और सहायक कर्मचारियों की एक टीम है, जो सबसे कमजोर रोगियों के लिए देखभाल के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करती है। उन्होंने कहा कि एसएनसीयू की स्थापना सोहना क्षेत्र में नवजात स्वास्थ्य सेवा में सुधार की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसका उद्देश्य शिशु मृत्यु दर को कम करना और नवजात शिशुओं की देखभाल की गुणवत्ता को बढ़ाना है। उन्होंने बताया को उपरोक्त इकाई में 14 रेडिएंट वार्मर, एलईडी फोटोथेरेपी की 4 यूनिट, 6 पल्स ऑक्सीमीटर उपलब्ध है। वहीं नवजात शिशुओं की देखभाल के लिए एक बाल रोग विशेषज्ञ, 9 नर्सिंग अधिकारी, 2 चिकित्सा अधिकारी 24 गुणा 7 अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पलवल की ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित किया

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पलवल की ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने साढ़े 9 सालों में कोई विशेष उपलब्धि हासिल नहीं की है। भाजपा के राज में प्रदेश में महंगाई,बेरोजगारी,कानून व्यवस्था का बुरा हाल है,आज प्रदेश का प्रत्येक व्यक्ति अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से कोई भी वर्ग संतुष्ट नहीं है। इस दौरान हुड्डा ने कहा की आने वाले समय में कांग्रेस की सरकार बनेगी और पहले भी मेट्रो हम लाये थे अबकी बार फिर पलवल तक मेट्रो हम ही लेकर आएंगे। इस मौके पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा व प्रदेश अध्यक्ष उदय भान की मौजूदगी में जजपा के राष्ट्रीय महासचिव रहे पूर्व मंत्री हर्ष कुमार ने कांग्रेस का दामन थामा साथ ही दूसरे दलों से आये दर्जनों नेताओं का भी पार्टी में. स्वागत किया गया पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते हर वर्ग दुखी व परेशान है। पिछले साढ़े नौ सालों में हरियाणा विकास में पिछड़ गया है। भाजपा सरकार में मेट्रो के कार्य को गति प्रदान नहीं की। वहीं रेलवे लाइन बिछाने का कार्य एक इंच भी नहीं किया गया। बिजली का उत्पादन करने के लिए एक यूनिट भी नहीं लगाई गई। शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए एक भी यूनिवर्सिटी और मेडिकल कॉलेज नहीं बनाया गया है.हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हरियाणा प्रदेश को नंबर वन प्रदेश बनाने का काम किया। हरियाणा प्रदेश प्रति व्यक्ति आय में नंबर वन पर था। निवेश के मामले में उद्योगों की पहली पसंद था,प्रदेश में कानून व्यवस्था और युवाओं को नौकरी देने में अग्रणी राज्य था। भाजपा सरकार में हरियाणा प्रदेश बेरोजगारी,भ्रष्टाचार में अव्वल है। प्रदेश के महिला



खिलाड़ियों को अपने हकों के लिए जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है। प्रदेश में कानून व्यवस्था बिगड़ी हुई है और हर कोई व्यक्ति असुरिक्षत है। भाजपा ने सत्ता में आने पर प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज बनाने की घोषणा की थी लेकिन आज तक किसी भी जिले में मेडिकल कॉलेज नहीं बनाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हरियाणा प्रदेश का विकास नहीं किया है।भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में बुजुर्गों को 6 हजार रुपए पेंशन देने,प्रदेश में महंगाई को कम करने, 300 यूनिट तक बिजली माफ करने,गैस सिलेंडर 500 रूपए में प्रदान करने तथा गरीब परिवार के लोगों को 100 - 100 गज के प्लाट दिए जाएगें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने कार्यकाल के दौरान 4 लाख गरीब परिवारों को सौ सौ गज के प्लाट प्रदान किए थे और 3 लाख परिवारों को देने के लिए चिन्हित किया था लेकिन भाजपा सरकार ने इस योजना का बंद कर दिया। कांग्रेस सत्ता में आने के बाद इस योजना का दोबारा शुरू करेंगे और गरीब लोगों को सौ सौ वर्ग गज के प्लाट दिए जाएंगे इसके साथ ही 2 कमरे का मकान बनाकर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने युवाओं को नौकरी देने के नाम पर हरियाणा कौशल रोजगार निगम बनाया है। भाजपा ने ठेकेदारी प्रथा दोबारा से शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि सरकारी विभागों में 2 लाख कर्मचारियों के पद रिक्त पड़े हुए है। कांग्रेस की सरकार आने के बाद 2 लाख रिक्त पदों को भरा जाएगा। ठेकेदारी प्रथा को समाप्त किया जाएगा। वहीं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने भी भाजपा की प्रदेश और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला और केंद्रीय ग्रह मंत्री अमित शाह पर कटाक्ष करते हुए कहा अमित शाह हरियाणा के दौरे पर आये तो जनता से झूट बोलकर चले गए उन्होंने जो देश का बजट नहीं है उसे हरियाणा का बजट बता दिया। इस दौरान उन्होंने नायब सिंह सैनी डमी मुख्यमंत्री करार देते हुए कहा की यह केवल नाम का मुख्यमंत्री है बल्कि काम तो मनोहर लाल जो सैनी का गुरु है वही करता है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने कहा कि सीएमआई के आंकड़ों के अनुसार आज देश भर में सबसे ज्यादा बेरोजगारी दर हरियाणा में है। स्वास्थ्य सेवाओं में 20 हजार से ज्यादा और शिक्षा विभाग में 50 हजार से ज्यादा पद खाली है। बेरोजगारी के चलते युवा प्रदेश से पलायन कर रहे हैं। बेरोजगारी के साथ अपराध में भी प्रदेश नंबर वन बन चुका है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के जिस युवा वर्ग को कांग्रेस ने अपनी नीतियों से खिलाड़ी बनाया। वहीं, युवा वर्ग आज नशे के गर्त में जा रहा है। स्कूली बच्चे भी नशे की चपेट में आ रहे हैं। बीजेपी के शासन काल में महंगाई दर बढ़ी है। प्रॉपर्टी आईडी में 95 प्रतिशत धांधली हुई। क्राइम का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रदेश में एक हजार करोड़ का शराब घोटाला हुआ।

आंदोलन के दौरान 700 किसान शहीद हुए। बीजेपी ने किसानों पर लाठी चलवाई। आज हरियाणा देश में सबसे असुरक्षित राज्य बनकर रह गया है। बीजेपी ने प्रदेश के दलित और पिछड़ों की भी उपेक्षा की। उदयभान ने कहा कि सरकार ने महिला उत्पीड़न के आरोपियों को संरक्षण देने का काम किया। महिला पहलवानों को दिल्ली की सड़कों पर घसीटा गया और सरकार चुप बैठी रही। उन्होंने बीजेपी पर चुनावी घोषणाएं पूरी नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा कि स्कूल और कॉलेज में रउ और डड़उ वर्ग की फीस बढ़ाई गई.इस अवसर पर पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल, बलजीत डागर, पूर्व विधायक सुखबीर फरमाना, जगन डागर सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## होडल मै अंग्रेजी एवं देशी शराब अवैध शराब सहित एक तस्कर धरा साथ ही सट्टा में लगाई राशि 12270 भी बरामद

**समाचार गेट हरिओम भारद्वाज**

पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस अधीक्षक पलवल श्री चंद मोहन के कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन में जिला पुलिस द्वारा एक विशेष अभियान शराब तस्करी पर प्रहार करते हुए अवैध शराब तस्करों की धरपकड़ के संबंध में चलाया हुआ है। इसी मुहिम के अंतर्गत सीआईए पलवल प्रभारी निरीक्षक उमर मोहम्मद की टीम में तैनात हेड कांस्टेबल अजीत सिंह व उनकी टीम बराये गस्त पड़ताल क्राइम थाना होडल क्षेत्र हसनपुर चौक होडल मोजूद थे जहां उन्हें विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई की बिजेन्द्र पुत्र विष्णु निवासी रामलीला मैदान बाल्मीकि मोहल्ला होडल जो अपनी दूकान में सट्टा खाई वाली करता है व अवैध शराब बेचने का काम करता है। टीम ने बोगस ग्राहक के जरिए मौके पर रेड कर आरोपी बिजेंद्र उपरोक्त को सट्टा खाई वाली करते हुए सट्टा में लगाइ राशि 12270 सहित धर दबोचा। इसके उपरांत टीम ने नियम अनुसार दुकान की तलाशी ली तो दुकान में बने तहखाने के अंदर से कुल 38 पेटी व 6 बोतल अंग्रेजी व देशी विभिन्न मार्का शराब बरामद हुई जो बरामद शराब रखने बारे आरोपी कोई लाईसेंस परमिट पेश नहीं कर सका। उपरोक्त मामले में आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीबद्ध कर कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

## होडल में परशुराम सेवा समिति ने किया सम्मान समारोह मुख्य अतिथि उदयभान व जितेंद्र भारद्वाज ने की शिरकत

**समाचार गेट हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** भगवान परशुराम सेवा समिति एवं विप्र फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में बीती देर सांय अशोका गार्डन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान व विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज मुख्यरूप से मौजूद रहे। आयोजित समारोह की अध्यक्षता राष्ट्रीय संत राधे राधे बाबूजी महाराज ने की। मुख्यातिथि उदयभान, जितेंद्र भारद्वाज, गंगाराम शास्त्री, मा.देवी प्रसाद, ओमप्रकाश स्वामी, मधुसूदन भारद्वाज, बृजेश शर्मा, यशवीर शर्मा, हरीश शर्मा, विष्णु गोड, सतीश भारद्वाज, रामदेव तिवारी, आचार्य कुलभूषण शास्त्री, अनिरुद्ध व्यास, चमेलीवन धाम मंदिर के मुख्य सेवादार घनश्याम वशिष्ठ उर्फ कान्हा भैया, सुशील वशिष्ठ, डा.प्रदुमन लाल व्यास, बिज्जी पंडित, सरपंच तुहीराम, ओमवीर शर्मा, मा.मनीराम



शर्मा, तेजराम शर्मा,अरविंद गौतम, गिराँज शर्मा आदि द्वारा भगवान परशुराम की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। घनश्याम वशिष्ठ उर्फ कान्हा भैया के नेतृत्व में भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति के प्रधान बिजेंद्र वशिष्ठ ने भवन निर्माण का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। समारोह में मौजूद गणमान्य व्यक्तियों ने प्रदेश में ब्राह्मण समाज के उत्थान के लिए ब्राह्मण कल्याण आयोग का गठन कराए जाने की मांग जोर शोर से उठाई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने समाज के लोगों से विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के पक्ष में समर्थन मांगा और कहा कि आम जनता भाजपा की जनविरोधी नीतियों से पूरी तरह तंग आ चुकी है। भाजपा सरकार केवल घोषणाओं पर जोर दे रही है,जबकि धरातल पर सब कुछ शून्य है। सरकारी कार्यालयों में अधिकारी जमकर भ्रष्टाचार कर रहे हैं। आपराधिक वारदातें लगातार बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता विकास के नाम पर शिलान्यास कर केवल अपना विकास कर रहे हैं। सरकार को आमजन की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। जिसके कारण प्रदेश की जनता का भाजपा से मोह भंग हो चुका है। इस अवसर पर समाज के लोगों ने विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज से समाज की भव्य धर्मशाला का निर्माण कराए जाने की मांग की, जिस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर होडल में राष्ट्रीय राजमार्ग पर करोड़ों सम्मान किया।

## मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना भी अब सेवा का अधिकार अधिनियम के दायरे में हुई शामिल : धीरेंद्र खड़गटा

**अनिल मोहनियां नूंह**

हरियाणा सरकार ने महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से चलाई जा रही ह्यमुख्यमंत्री मातृत्व सहायताह्न योजना को सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के दायरे में शामिल किया है। साथ ही, इसके तहत प्रदान किए जाने लाभों के लिए 45 दिन की समय-सीमा भी निर्धारित की गई है। मुख्य सचिव की ओर से इस आशय की एक अधिसूचना जारी की गई है। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने जानकारी देते हुए बताया कि ह्यमुख्यमंत्री मातृत्व सहायताह्न योजना के तहत जिला कार्यक्रम अधिकारी को पदनामित अधिकारी जबकि कार्यक्रम अधिकारी (पोषण)/उप-निदेशक को प्रथम शिकायत निवारण प्राधिकारी और संयुक्त निदेशक/अतिरिक्त निदेशक को द्वितीय शिकायत निवारण प्राधिकारी नामित किया गया है।

क्या है मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना :

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग ने गर्भावस्था में प्रसव पीड़ा के दौरान नुकसान की भरपाई व स्तनपान कराने वाली महिलाओं में पोषण सुनिश्चित करने के लिए ह्यमुख्यमंत्री मातृत्व सहायताह्न योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत दूसरे बच्चे के रूप में लडके को जन्म देने वाली अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाएं इस योजना का लाभ उठा सकती हैं। उन्होंने बताया कि अब 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग महिलाओं सहित मनरेगा जॉब कार्ड, ई-श्रम कार्ड, बीपीएल राशन कार्ड, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और किसान सम्मान निधि की लाभार्थी महिलाएं भी इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्र होंगी। इस योजना के लिए आधार कार्ड अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना का लाभ लेने के लिए आंगनबाड़ी वर्कर या आशा वर्कर के माध्यम से आवेदन किया जा सकेगा। केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई कामगार महिलाओं के लिए पहले से प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना संचालित की जा रही है, जिसके तहत पांच हजार रुपये की सहायता राशि तीन किस्तों में दी जाती थी। अब सरकार द्वारा नियमों में बदलाव कर सहायता राशि दो किस्तों में देने का निर्णय लिया है।

## वोटर लिस्ट को त्रुटि रहित बनाने में राजनीतिक दलों की अहम भूमिका : प्रदीप सिंह मलिक



**अनिल मोहनियां नूंह**

अतिरिक्त प्रदीप सिंह मलिक ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों का प्रारंभिक प्रकाशन हो चुका है, 16 अगस्त तक इन सूचियों के लिए दावे व आपत्तियां दर्ज कराई जा सकती हैं। इसके उपरांत 26 अगस्त को दावे व आपत्तियों के निपटान उपरांत 27 अगस्त को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वोटर लिस्टों को त्रुटि रहित बनाने में राजनीतिक दलों का सहयोग जरूरी है। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक ने सोमवार को लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में ईवीएम व वीवीपैट की फर्स्ट लेवल चेकिंग का कार्य चल रहा है,जिसमें राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भाग ले सकते हैं। साथ ही चुनाव का समय नजदीक है,जिसके लिए राजनीतिक दल अपने बीएलए नियुक्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि एएसडी सूचियों को बीएलओ के सहयोग से सत्यापित कराया जाए। 10 व 11 अगस्त को विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत सभी बीएलओ अपने मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहेंगे। विशेष अभियान के दौरान कोई भी व्यक्ति अपना वोट बनवा सकता है।उन्होंने कहा कि जिला के नूंह विधानसभा क्षेत्र में 8 और फिरोजपुर झिरका विधानसभा क्षेत्र में 16 तथा पुन्हाना विधानसभा क्षेत्र में 1 बूथ की संख्या बढ़ने से जिला में कुल बूथों की संख्या 655 हो गई है। जिलेभर की शिक्षण संस्थाओं विशेषकर कॉलेज,पॉलिटेक्निक,आईटीआई संस्थानों में एक जुलाई 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले विद्यार्थियों के वोट अवश्य बनवाए जाएं,साथ ही स्कूली विद्यार्थियों को वोटर हेल्पलाइन व पोर्टल की जानकारी दी जाए। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति जिसकी आयु एक जुलाई 2024 को 18 वर्ष या इससे अधिक होगी वह वोट बनवाने के लिए फार्म नंबर 6 भरकर संबंधित बीएलओ या जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा करवा सकता है। इसके अलावा एनआरआई मतदाता वोट बनवाने के लिए फार्म नंबर 6 ए, आधार से वोट कार्ड को लिंक करने के लिए फार्म 6बी, किसी मृतक मतदाता अथवा स्थाई तौर पर स्थानांतरित मतदाता द्वारा वोट कटवाने हेतु फार्म नंबर 7 तथा मतदाता पहचान पत्र में किसी प्रकार की शुद्धि हेतु फार्म नंबर 8 भर कर जमा करवा सकते हैं। ये सभी कार्य ऑनलाइन भी किए जा सकते हैं। इसके लिए ३३ऱ२://५ङ्मह्म१ॅ.ह्म५.ल्ल पोर्टल या वोटर हेल्पलाइन मोबाइल एप का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। मतदाता सूची में मृत व्यक्ति का नाम नहीं होना चाहिए,इसके लिए बारीकी से निरीक्षण करते हुए वोटर लिस्ट को दुरुस्त किया जाए। अतिरिक्त उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से सुझाव भी लिए। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का आहवान किया कि वे नागरिकों को वोट बनवाने के लिए प्रेरित करें। बैठक में यह अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति रहे मौजूद इस अवसर पर सीटीएम अशोक कुमार, एसडीएम नूंह विशाल कुमार, एसडीएम फिरोजपुर झिरका डॉ. चिनार चहल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## होडल श्री जी वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को खारे पानी से करना पड़ रहा है अपना जीवन यापन, होडल के दानवीर भी चुप



**समाचार गेट हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** बुढ़ापा भी अब लोगों के लिए नासूर बनता जा रहा है। अपने बुजुर्गों को वृद्धाश्रम में छोड़ देना, रेलवे स्टेशन पर, बस स्टैंड व पार्कों में छोड़ कर चले जाना एक आम बात हो गई है। अपने बुजुर्गों को साथ रखना बच्चों की अपनी आजादी में खलल डलती नजर आ रही है। मां बाप से दूरी बनाए रखना युवा दंपतियों में एक ट्रेंड बनता जा रहा है। यही कारण है कि वृद्धाश्रमों में बुजुर्गों की संख्या में इजाफा हो रहा है। अपने बच्चों की परवरिश के लिए मां बाप चाहे कितनी पीड़ा झेल ले। उनकी सुख-सुविधाओं के लिए सारा जीवन न्यौछावर कर दें लेकिन आधुनिक शैली में जीने के लिए बच्चे अपने मां बाप को अपने साथ वृद्धाश्रम में छोड़ कर उनकी उम्मीदों को कुचलने में तनिक भी गुरेज नहीं करते हैं। ऐसे बुजुर्गों के लिए एनजीओ द्वारा चलाए जा रहे वृद्धाश्रम ही जीवन का सहारा होता है। ऐसा ही होडल उपमंडल में एक वृद्धाश्रम होशियार सिंह चला रहे हैं।

### बुढ़ापा भी अब नासूर बनता जा रहा है, बुजुर्गों का अपमान क्यों, नहीं देखी जाती बुजुर्गों की नम आंखें, भोजराज गर्ग

भारत विकास परिषद के कार्यकताओं ने आज होडल उपमंडल के एक मात्र श्री जी वृद्धाश्रम का दौरा किया और वृद्धाश्रम के बुजुर्गों से मुलाकात कर उन्हें खाने पीने का सामान वितरित किया भारत विकास परिषद के अध्यक्ष भोजराज गर्ग ने कहा कि आज भारतीय संस्कृति में यह परंपरा बहुत निंदनीय है। मां बाप बुजुर्गों की सेवा करनी चाहिए ना कि इस पड़ाव पर आने के बाद उन्हें घर से निकाल दे। उन्होंने वृद्धाश्रम चला रहे होशियार सिंह को आश्वस्त किया कि उनकी संस्था समय-समय पर उनकी हर संभव मदद करते रहेंगे। होशियार सिंह ने बताया कि कुछ सामाजिक लोगों के सेवा भाव से ही वृद्धाश्रम चल पा रहा है। इस समय वृद्धाश्रम में 22 बुजुर्ग रह रहे हैं यह सब दूर दराज के है। उन्होंने बताया कि आश्रम में पीने के पानी की बड़ी परेशानी है। स्थानीय भूमिगत जल खारा है इसके लिए वह शासन प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत करा चुके हैं

लेकिन कहीं से कोई सहायता नहीं मिली। इस अवसर पर भोजराज गर्ग, नीलू खन्ना, हेमंत कुमार, चंद्र प्रकाश जैन, मनोज मंगला, रोहित जैन, कैलाश मंगला, सतीश कुमार , मितांश बंसल, विपुल सिंघल, अश्विनी सिंगला आदि मौजूद थे।

## नए राशन डिपो का लाइसेंस लेने के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी :- उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा नए राशन डिपो के लाइसेंस लेने के लिए आवेदन जारी हैं। इच्छुक व्यक्ति अंत्योदय सरल पोर्टल के माध्यम से नए डिपो के लिए 8 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। उपायुक्त ने बताया कि संबंधित वार्ड या गांव का कोई भी आवेदक जिसकी आयु 21 वर्ष से 45 वर्ष तक है तथा आवेदक की शैक्षणिक योग्यता कम से कम 12वीं पास होने के साथ-साथ कंप्यूटर का ज्ञान होना अनिवार्य है, आवेदन कर सकता है। उचित मूल्य की सरकारी दुकान का लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया सेवा का अधिकार अधिनियम 2014 के तहत तय की गयी समयावधि जो कि 30 दिन है, के तहत ही पूर्ण की जायेगी जिसके लिए सभी जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक को पूर्व में निर्देश जारी किए हुए हैं। उन्होंने बताया कि आवेदनकर्ता नए राशन डिपो के लिए आवेदन अंत्योदय सरल पोर्टल पर दिखाए गए रिक्त स्थान के लिए आवेदन 8 अगस्त सायं 5 बजे तक भर सकता है। इस बारे में अधिक जानकारी जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक के कार्यालय में संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

## सफाई कर्मचारियों से बीजेपी कर रही अन्याय, कांग्रेस सरकार बनने पर करेंगे पक्का: आफताब अहमद

**अनिल मोहनियां नूंह**

नूंह जिले के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के संघ की लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर उन्होंने धरना प्रदर्शन किया कांग्रेस विधायक दल के उप नेता चौधरी आफताब अहमद ने उनकी मांगों का समर्थन देते हुए कहा कि ये सरकार सफाई कर्मचारियों के साथ साथ हर वर्ग विरोधी सरकार है।विधायक आफताब अहमद ने सफाई कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि कांग्रेस सरकार बनने पर उन्हें स्थाई किया जाएगा और सफाई कर्मचारियों का आयोग बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की हुड्डा सरकार के कार्यकाल में ही ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई कर्मचारियों को लगाने की शुरुवात की गई थी। सफाई कर्मचारी समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं उनके साथ नाइंसाफी शर्मनाक है। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि सरकार सफाई कर्मचारियों की मांगों के प्रति गंभीर नहीं है, 2023 में भी सफाई कर्मचारियों के 51 दिन लंबे धरने के बाद भी उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया। विधायक ने कहा कि मानसून सत्र में इस मुद्दे को उठाया जाएगा हालांकि पहले भी इस मुद्दे को उठाया गया था लेकिन बीजेपी सरकार ने सफाई कर्मचारियों को दरकिनार करने का काम किया। कांग्रेस विधायक दल के उप नेता




चौधरी आफताब अहमद ने सफाई कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र में उनकी मांगों के लिखित समाधान का प्रावधान किया जाएगा और सरकार बनने पर उसे पूरा किया जाएगा। ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को कहना है कि उन्हें एक तो स्थाई नहीं किया जा रहा ऊपर से उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अब पंचायत विभाग हरियाणा द्वारा ग्रामीण सफाई कर्मियों, चौकीदारों और ट्यूबवेल ऑपरेटर की मोबाइल ऐप के माध्यम से हाजिरी लगाकर सरपंच को वेतन भुगतान का बिल बनाने का अधिकार देकर सरकार उक्त कर्मियों को शोषण और बेगार की दलदल में धकेलना चाहती है। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से सरकार अपने कुछ चहेतों को निजी कर्मचारी उपलब्ध करवा रही है।

इससे हर रोज गांव स्तर पर पंचायतों और कर्मचारियों के बीच झगड़े पैदा होंगे और कर्मी गुलाम बनकर रह जायेंगे। कर्मचारियों ने कहा कि सरकार द्वारा अपनाई जा रही ऑनलाइन प्रणाली की बजाय ऑफलाइन हाजिरी लगाई जाए। नूंह विधायक आफताब अहमद ने सफाई कर्मचारियों के लिए हरसंभव प्रयास कर समाधान करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान सैकड़ों सफाई कर्मचारी धरना प्रदर्शन में मौजूद थे।

# बीके अस्पताल : कर्मचारियों की मनमानी से मरीज परेशान

## जगह–जगह मनमाने ढंग से बंद कर देते हैं अस्पताल के रास्ते

समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** बीके सिविल अस्पताल में किए जा रहे बदलाव से मरीजों को परेशानी हो रही हैं। अस्पताल के अपातकालीन कक्ष से ओपीड़ी जाने वाले रास्ते को बंद कर दिया गया। जिससे दिव्यांगजनों, नेत्रहीन मरीजों और स्टेचरों पर ले जाने वाले परिजनों को परेशानी हुई। अपातकालीन कक्ष का दरवाजा लगाने का कारण किसी को नहीं पता था। करीब एक हफ्ते से अपातकालीन कक्ष में मौजूद गेट को सुबह आठ से दोपहर दो बजे के बाद गेट को बंद कर दिया गया हैं। वहीं अपातकालीन कक्ष के सामने दोनों रास्तों पर रस्सियों के माध्यम से बंद कर दिया गया है।





जानकारी के मुताबिक अस्पताल में अपातकालीन कक्ष के सामने पहले ही रस्सी बांधकर रास्ता बंद हैं। अब कर्मचारियों ने अपातकालीन कक्ष से ओपीड़ी, वार्ड और पंजीकरण के लिए कमरा नम्बर 40 में जाने वाले रास्ते को बंद कर दिया हैं। ऐसे में यहां आने वाले लोगों को अपातकालीन कक्ष से बाहर से निकलकर बाहर के रास्ते से उक्त स्थानों पर जाना पड़ा। जिससे मरीजों व तीमारदारों को खासी परेशानी हो रही हैं। अपातकालीन कक्ष के सामने एम्बुलेंस व अन्य वाहनों के होने से उन्हें निकलने में परेशानी हुई। ऐसा ही नेत्रहीन व दिव्यांग मरीज काफी परेशान थे। नेत्रहीन मरीज को अपातकालीन कक्ष से ओपीड़ी के कमरा नम्बर 19 में भेजा गया। जहां वह बाहर निकलकर ओपीड़ी पहुंचे। वहीं ट्रैक्टर की चपेट में आए दो बच्चों में से एक की मौत होने पर बच्ची को घायलवास्था में बच्ची का पिता गोद में उठाकर माइनर ओटी में पहुंचा, वहां से ड्रेसिंग करवा कर बच्ची को रस्सी पार करके अपातकालीन कक्ष के चिकित्सक कक्ष में पहुंचे, ऐसे में उन्हें परेशानियां हुई।

### यह रास्ते बंद :

अपातकालीन कक्ष के सामने से ओपीड़ी जाने वाला रास्ता रस्सी बांधकर पहले ही बंद है। यहां से गुजरने वाले बुजुर्ग, गर्भवती और अन्य मरीजों व तीमारदारों को झुककर जाना पड़ता है। वहीं इस बंद रास्ते के बाद यहां से निकलने के लिए यदि अपातकालीन कक्ष के सामने रास्ता वाहन और एम्बुलैंसों से घिरा रहता है। वहीं यहां भी रस्सी लगाकर बंद किया हुआ है। अपातकालीन कक्ष के भीतर यदि दूसरे गेट से ओपीडी में जाने का प्रयास करें तो उसे भी बंद कर रखा है।

इस गेट का उपयोग आपातकालीन कक्ष से ओपीडी की गैलरी में कमरा नम्बर 40 में कार्ड पंजीकरण, कमरा नम्बर 38 की माइनर ओटी या मरीजों को जांच करवाने व वार्ड में ले जाने के लिए करते है। भर्ती हुए मरीजों के तीमारदारों को अपातकालीन कक्ष से बाहर निकलकर अन्य रास्ते से अंदर जाकर कार्ड का रजिस्टेशन करवाना पड़ा। प्रथम तल पर मौजूद प्रसुति वार्ड में जाने वाली अपातकालीन कक्ष से सामने मौजूद सीढ़ियों का गेट भी बंद है। वहीं बीके अस्पताल में मौजूद पीछे का रास्ता, जोकि केएल मेहता मार्ग से अंदर आता है, वह भी बंद है। वहीं अपातकालीन कक्ष के सामने वाले रास्तों को भी रससियों के जरिये बंद कर रखा है, ऐसे में यहां मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है।

# ट्रैक्टर चालक ने भाई-बहन को कुचला, भाई की मौत

समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** डबुआ-पाली रोड पर मौजूद एक धर्मकांटे के सामने खेल रहे भाई व बहन को एक ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही बरतते हुए कुचल दिया। जिसमें चालक ने लड़के के चेस्ट पर पहिया चढ़ा दिया और बच्ची के पैर पर चढ़ाते वक्त ब्रेक लगाया और चालक मौके से टैक्टर को छोड़कर फरार हो गया। डबुआ थाना पुलिस ने ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले लिया है। इस घटना के बाद बच्चों के माता पिता का बुरा हाल हो गया।

डबुआ निवासी नन्हे नामक व्यक्ति और उसकी पत्नी लक्ष्मी डबुआ-पाली रोड पर मौजूद एक गोदाम में काम करते हैं। उनके तीन बच्चे है, जिसमें दो बेटिया और एक बेटा शामिल था। जिसमें बड़ी बेटी काजल छह वर्षीय और तीन वर्षीय अभय गोदाम के बाहर खेल रहे थे और गोदाम के भीतर



दम्पति काम कर रहे थे। इस दौरान डबुआ-पाली रोड पर धर्मकांटे पर ट्रैक्टर को बैक करते समय ड्राइवर ने दोनों बच्चों को कुचल दिया। घटना के वक्त बच्चों की मां लक्ष्मी गोदाम में काम कर रही थी। जिसमें अभय के पेट और चेस्ट पर ट्रैक्टर का पहिया चढ़ गया। वहीं काजल के पैर को ट्रैक्टर ने कुचल दिया और मौके पर ट्रेक्टर छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद दोनों बच्चों को अस्पताल लेकर पहुंचे, तो चिकित्सकों ने बीके में अभय को मृत घोषित कर दिया, तो वहीं बच्ची का ट्रीटमेंट शुरू कर दिया। डबुआ थाना एसएचओ विद्या सागर ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया है। वहीं आरोपी चालक की तलाश की जा रही है। वहीं बच्चों की मां का रो रोकर बुरा हाल हो गया। फिलहाल बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए रखवा दिया है।

# एसोसिएशन ऑफ टैक्स लॉयर्स द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन

समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** एसोसिएशन ऑफ टैक्स लॉयर्स द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन नेहरू ग्राउण्ड स्थित कार्यालय पर किया गया। चेयरमैन सेमिनार कमिटी सीनियर एडवोकेट विजय शर्मा की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में नए आए हुए बजट पर विस्तृत चर्चा करने के बाद इनकम टैक्स डिपार्टमेंट द्वारा सीएमए सचिन कथूरिया को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट द्वारा (दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, हिमाचल जोन) के साथ विशेष ऑडिट के लिए इन्वेंटरी मूल्यांकन के संबंध में नियुक्त किए जाने पर शुभकामनाएं देते हुए एडवोकेट विजय शर्मा ने सीएमए सचिन कथूरिया प्रतिभाशाली, होनहार, सामाजिक कार्यकर्ता होने के साथ कोस्ट ऑडिटिंग एंड अकाउंटेंसी की भी अच्छी जानकारी रखते हैं, मैं इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

कार्यक्रम के दौरान एसोसिएशन के स्टेट जनरल सेक्रेटरी एवं टैक्स बार के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट संदीप सेठी ने कहा कि सीएमए सचिन कथूरिया ने सिर्फ अपने शिक्षकों एवं परिवार का ही नहीं बल्कि पूरे फरीदाबाद का मान बढ़ाया है। उन्होंने बताया कि श्री कथूरिया विभिन्न सामाजिक कार्यों में रुचि लेते हुए देखा गया है और मैं आशा करता हूं की नई जिम्मेदारी भी बखूबी निभायेंगे। उसके बाद असोसिएशन के साथियों के साथ उन्होंने फूलमाला व बुके देकर के सचिन कथूरिया का सम्मान किया व शुभकामनाएं दीं।




असोसिएशन के सभी लोगों का आभार प्रकट करते हुए सचिन कथूरिया ने कहा कि इनकम टैक्स डिपार्टमेंट पूरी अर्थ व्यवस्था में अहम भूमिका निभाता है। डिपार्टमेंट ने मेरे ऊपर ये विश्वास जताया है इसके लिए मैं वित्त मंत्रालय एवं इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के उच्च अधिकारियों का आभार व्यक्त करता हूं और विश्वास दिलाता हूं कि जिम्मेदारी को निष्ठा पूर्वक निभाऊंगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडवोकेट दीपक गेरा, एडवोकेट सत्येंद्र यादव, प्रधान नव सेवा समिति ट्रस्ट एडवोकेट यशपाल शर्मा, अरविंद पटेल एडवोकेट, अजय सिंह एडवोकेट, अभिषेक जोशी एडवोकेट, अमित कुमार एडवोकेट, देवेंद्र सिंह चावला एडवोकेट, राजू शर्मा, फकरूदीन, एडवोकेट सन्नी उप्पल, सत्यवान नरवाल, चरणजीत सिंह, रुपेश गौर, श्याम सुंदर के साथ प्रसिद्ध उद्योगपति एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सरकार की सदबुद्धि के लिए एनएचएम कर्मचारियों ने किया 11वें दिन उपवास




समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** एनएचएम के तहत काम कर रहे स्वास्थ्य कर्मियों का धरना प्रदर्शन 11वें दिन सोमवार को भी जारी रहा। जहां 11वें दिन करीब 15 से 20 कर्मचारियों ने सावन के तीसरे सोमवार को भगवान भोलेनाथ से उपवास करके कामना की, कि वह सरकार को सदबुद्धि दे कि, कर्मचारियों को पक्का करे। क्योंकि 11वें दिन भी सरकार ने उनकी मांगों को पूरा नहीं किया है। इस दौरान कर्मचारियों ने जमकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पक्का करने की मांग उठाई। इस दौरान एनएचएम के संग एचआईवी कर्मचारी भी धरने में शामिल रहे। उनका धरना भी पांचवें दिन में पहुंच गया, जहां उन्होंने भी सरकार से पक्का करने की मांग को उठाया है।

**हड़ताल रहेगी जारी:** एनएचएम कर्मियों का जहां हड़ताल का 11वां दिन था और वहीं एचआईवी कर्मचारियों की हड़ताल का पांचवां दिन था। सभी कर्मचारियों ने विरोध स्वरूप उपवास रखा और पक्का करने की मांग को उठाया। कर्मियों ने बताया कि उन्होंने आज उपवास रखा है ताकि सरकार को भगवान भोलेनाथ पक्का करने की सदबुद्धि दे सके। उन्होंने कहा कि थाली चिमटा बजाकर, शव यात्रा निकालकर, पुतला दहन करना, हवन यज्ञ के इलावा मंत्रियों का घेराव भी किया गया, लेकिन इसके बावजूद सरकार की कान पर जूं तक नही रेंग रही है। इसलिए अब भगवान भोले का सहारा लेना पड़ रहा है। उन्होंने कहा जब तक सरकार लिखित में उन्हें पक्का नही करती, तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी।

## ताऊ देवीलाल वृद्वाश्रम ने दिया बेसहारा बुजुर्ग को सहारा

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** बेसहारा वृद्धों को आश्रय देने वाली संस्था नवजन मोर्चा समिति ताऊ देवीलाल वृद्वाश्रम 2डी-ब्लॉक ने फिर एक बेसहारा वृद्ध को ना केवल सहारा दिया ब्लकि उसके जीवन को भी बचाने का काम किया है। आश्रम के संचालक किशन लाल बजाज को पेनॅल एडवोकेट रविन्द्र गुप्ता(डीएलएसए) ने फोन पर सूचना देकर बताया कि एक नंबर रामलीला पार्क के पास एक वृद्ध लावारिस हालत में बदहवास बैठा है। किशन लाल बजाज तुरंत अपनी टीम के अन्य सदस्यों के साथ मौके पर पहुंचे और समाजसेवी राजकिशन की मौजूदगी में वृद्ध को उठाकर आश्रम लेकर आए। पूछताछ करने पर वृद्ध ने अपना नाम चन्दभान पुत्र वासुदेव आयु लगभग 77 वर्ष और निवासी डबुआ कालोनी बताया। किशन लाल बजाज ने वृद्ध को आस्वासन दिया कि वह आश्रम को ही अपना घर समझे। जब तक चाहे वह यहां रह सकता है और उसके खाने पीने और पहनने का सारा इंतजाम नवजन मोर्चा समिति की देखरेख में किया जाएगा। वृद्ध काफी बिमार लग रहा है उसका ईलाज भी कराया जाएगा। किशल लाल बजाज ने बताया कि इसकी लिखित सूचना कोतवाली थाना में दे दी जाएगी।

## सृष्टिकर्ता वाल्मीकि अनन्त आधस मंदिर में सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर मनाई खुशी

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** सृष्टिकर्ता वाल्मीकि अनन्त आधस मंदिर एनएच-5 में वाल्माकि समाज के लोगों ने अति-वंचितों को नौकरियों में अलग आरक्षण देने वाले सर्वोच्च न्यायालय के संवैधानिक बैंच के ऐतिहासिक फैसले पर खुशी मनाई। इस मौके पर आधस मंदिर कमेटी प्रधान राजेंद्र चांडाल,महेश आदवंशी,कर्मवीर,पूर्व सरपंच संजीव कुमार,बिजेंद्र बाल्मीकि जिला महामंत्री भाजपा,अशोक भूरेंडे,नरेंद्र लोहट,मास्टर बालू आदि मौजूद रहे। पूर्व सरपंच संजीव कुमार ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले से अति-वंचितों का भला होगा। उन्होनें कहा कि हरियाणा प्रान्त में अनुसूचित जातियों को जो आरक्षण दिया जा रहा है। उस आरक्षण पर एक ही जाति का कब्जा स्थापित हो चुका था। सुविधाओं पर दबंगई से एकाधिकार कायम था।



सर्वोच्च न्यायालय ने अति वचिंत समाज की वास्तविक स्थिति को गहनता से जांच कर अति गरीबों के हक में आरक्षण वर्गीकरण का फैसला देकर समाज के अंतिम छोर मे बैठे अति बचित व्यक्ति को समाज की मुख्यधारा में लाने का एक ऐतिहासिक काम किया है। राजेंद्र चांडाल ने कहा कि सारा वाल्मीकि समाज माननीय सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय पर उनको कोटि कोटि प्रणाम करता है, इस फैसले से अति गरीबो की तरक्की और खुशहाली का सुगमय रास्ता खुलेगा। बिजेंन्द्र वाल्माकि ने कहा कि हरियाणा की 36 जातियां जो समाज की मुख्याधारा से बहुत ज्यादा पिछड़ चुकी हैं, वह हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से अनुरोध करती है की जल्दी से जल्दी हरियाण मे आरक्षण वर्गीकरण को लागू करके अति वंचित समाज को न्याय देने का सर्वप्रथम काम करें।

# जन्मदिन पर लें शहर को स्वच्छ, खुशहाल और हराभरा बनाने का संकल्प : जेटली

समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मीडिया सलाहकार एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव जेटली ने कहा कि जन्मदिन तभी सार्थक एवं महत्वपूर्ण दिन बन सकता है, जब हम इस दिन शहर को स्वच्छ, खुशहाल और हराभरा बनाने का संकल्प लेकर इस दिशा में काम करें। श्री जेटली ने शहर में जगह जगह मनाए गए अपने जन्मदिन समारोह के दौरान लोगों को यह संदेश दिया।

इस मौके सीएम के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली ने कहा कि जन्मदिन तो आते जाते रहते हैं। हमारी उम्र बढाते हैं। लेकिन हमारा एक फर्ज है कि कैसे लोगों के चेहरे पर मुस्कान लेकर आएं। यदि हम लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने में कामयाब होते हैं, तभी हमारा जन्मदिन मनाना सार्थक हो सकता हैं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी देश और प्रदेश के विकास के लिए दिन रात काम कर रहे हैं। अंतिम व्यक्ति तक उसका हक पहुंचाना हमारा उदेश्य है। यदि



हम अपने उदेश्य को पुरा कर पाते हैं तो हमारा जन्मदिन मनाना सार्थक होगा।

शहर में पहली बार बार ऐसा देखने को मिला जब लोगों ने अपनी स्वेच्छा से जगह जगह किसी राजनेता के जन्मदिन समारोह का आयोजन किया। श्री जेटली का जन्मदिन पांच अगस्त सोमवार को होने के कारण शहर में इससे एक दिन पहले ही रविवार को भी कई स्थानों पर लोगों ने उनका जन्मदिन समारोह काफी धूमधाम से आयोजित किया। अपने जन्मदिन के मौके पर सीएम के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली जहां जहां समारोह में पहुंचे, वहां वहां उन्होंने पौधारोपण कर अपने संदेश को सार्थक करने का प्रयास किया। कई स्थानों पर जन्मदिन समारोह में पहुंचते ही महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ राजीव जेटली जिंदाबाद के नारे भी लगाए।

श्री जेटली अपने जन्मदिन से एक दिन पूर्व रविवार को सैनिक कालोनी निवासी अंजू चौधरी के निवास स्थान समेत कई स्थानों पर आयोजित जन्मदिन समारोह में लोगों के निमंत्रण पर पहुंचे। इस मौके पर एडवोकेट गौरव अरोड़ा, अंजू चौधरी, अंकित गुलाटी, विकास भाटिया, राजेश अरोड़ा, डॉ. शत्रुघन, नरेश, अशोक, सन्नी, अरूण और धर्मपाल समेत सैंकड़ों गणमान्य लोग विशेष रूप से उपस्थित थे।

## नये विद्यार्थियों के लिए पौधारोपण को अनिवार्य किया



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने पहल करते हुए नये विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक पाठ्यक्रम के दौरान कम से कम पांच पौधे पेड़ लगाने तथा उनकी देखभाल को अनिवार्य किया है। इस प्रक्रिया को कारगर बनाने के लिए विश्वविद्यालय ने अपने पोर्टल पर प्रावधान किया है, जहां विद्यार्थी अपने पौधारोपण के प्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देना तथा परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों को हरा-भरा बनाने में योगदान देना है। यह जानकारी कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने हरियाली पर्व के तीसरे संस्करण के तहत चल रहे पौधारोपण अभियान के दौरान दी। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया मुख्य अतिथि रही। भाटिया ने विश्वविद्यालय के मुख्य मैदान में नीम और गिलोय का पौधा भी लगाया। इस अवसर पर छात्र कल्याण के डीन प्रो. मुनीश वशिष्ठ, डिप्टी डीन प्रो. सोनिया बंसल के अलावा पौधारोपण समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## बुजुर्गों के लिए आयुष विभाग ने लगाया शिविर

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** महानिदेशक आयुष हरियाणा, डा. अंशज सिंह के निर्देशानुसार, आयुष विभाग, फरीदाबाद द्वारा आज सोमवार से वृद्धजनो के लिए विशेष चिकित्सा शिविर श्रृंखला का शुभारंभ किया। इसकी शुरूआत गांव वजीरपुर में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर से की गई। गांव के सबसे व्योवृद्ध को तथा अन्य वृद्धजनों द्वारा दीप प्रज्वलन करवा कार्यक्रम शुरू किया। कैम्प में निशुल्क शुगर, बीपी, एचबी की जॉंच की गयी। बुढ़ापे में होने वाले आम रोगों के बारे में तथा उनसे बचाव के तरीकों के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। बुजुर्गों की जॉंच कर निशुल्क औषधि वितरण किया गया। इस मौके पर जिला आयुष डॉ मनीषा लांबा ने बुजुर्गों के निशुल्क कैम्प के बारे में जानकारी दी, जिसमें उन्होंने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर कैम्प लगाए जाऐंगे। इन कैम्पों में आयुर्वेदिक, होमियोपैथिक एवं योग द्वारा लोगों का इलाज किया जाएगा। लोगों को मौसम के अनुसार खान-पान, रहन-सहन तथा योग द्वारा स्वस्थ रहने की जानकारी दी जा रही है।




## औरों में कहाँ दम था ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर तोड़ा दम, नहीं निकल सकती लागत

अजय देवगन और तब्बू की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'औरों में कहा दम था' शुक्रवार 2 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। फिल्म को लेकर लंबे समय से हाइफ क्रिएट की जा रही थी। हालांकि बॉक्स ऑफिस पर इसकी शुरुआत काफी कमजोर रही। अजय और तब्बू की जोड़ी दर्शकों के खासी लोकप्रिय है और दर्शक इस जोड़ी को देखना पसन्द करते हैं, लेकिन इस बार लगता है कि उनका जादू नहीं चल पाया। फिल्म की कमाई के पहले दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं। बजट के हिसाब से देखा जाए तो इसका कलेक्शन काफी कम रहा। रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर मात्र 2 करोड़ रुपए कमाए हैं। फिल्म का बजट 100 करोड़ रुपए के करीब बताया जा रहा है। जानकारों का मानना था कि फिल्म को करीब 5-6 करोड़ रुपए की ओपनिंग तो मिलनी चाहिए थी। इसके बावजूद उम्मीद की जा रही है कि शनिवार और रविवार को इसके कारोबार में सुधार होगा। अब यह सुधार कितना होगा यह तो नहीं कहा जा सकता है, लेकिन अनुमान लगाया जा रहा है कि अपने पहले वीकेंड में फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 6 करोड़ तक का कारोबार करने में कामयाब हो जाएगी। इस हिसाब से देखा जाए तो अजय देवगन की औरों में कहाँ दम इस वर्ष की पहली बड़ी असफल फिल्म होगी, क्योंकि अजय की इससे पहले इस साल आई दो फिल्मों ने अपने पहले दिन इसकी तुलना में कहीं अच्छा बिजनेस किया था। अजय की माधवन के साथ आई फिल्म 'शैतान' को तो बहुत अच्छा रिस्पॉस मिला था। इसने ओपनिंग डे पर 14.75 करोड़ रुपए बटोरे थे। फिल्म ने ओवरऑल 200 करोड़ से ज्यादा कमाए थे।

## अरिजीत ने पोस्टपोन किया लाइव कॉन्सर्ट

अरिजीत सिंह वर्तमान समय में हिन्दी फिल्म उद्योग के बेहतरीन गायकों में शुमार हैं। कमोबेश हर संगीतकार अपना संगीतबद्ध गीत अरिजीत सिंह से गवाना पसन्द करता है। फिल्मों में गीत गाने के साथ-साथ अरिजीत स्टेज पर भी अपनी परफार्मस देते रहते हैं। ऐसा ही उनका एक लाइव कॉन्सर्ट 11 अगस्त को ब्रिटेन में होने वाला था, लेकिन बताया जा रहा है कि उन्होंने इस कॉन्सर्ट को पोस्टपोन कर दिया है। इसका कारण उन्होंने यह बताया है कि उनका स्वास्थ्य सही नहीं है, जिसके चलते वे इस कॉन्सर्ट की तैयारी नहीं कर सकते हैं। अरिजीत ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, डियर फैंस, मुझे ये बताते हुए दुख हो रहा है कि मुझे अचानक से मेडिकल ट्रीटमेंट की जरूरत पड़ गई है, जिसकी वजह से मुझे मजबूरन अगस्त के कॉन्सर्ट को पोस्टपोन करना पड़ा। मैं जानता हू कि आप बेसब्री से इन शोज का इंतजार कर रहे थे और मैं इसे पोस्टपोन करने के लिए तहेदिल से माफी मांगता हू। आपका प्यार और सपोर्ट मुझे ताकत देगा। आइए इस विराम को और भी जादुई री-यूनियन के वादे में बदल दें। इस कॉन्सर्ट की नई डेट 15 सितंबर को (लंदन), 16 सितंबर (बर्मिंघम), 19 सितंबर (रॉटरडैम) और 22 सितंबर (मैनचेस्टर) है। अभी खरीदे गए टिकट तब वैलिड रहेंगे। अरिजीत ने इसके साथ ही फैंस को थैंक्स बोला।





## मैं यहां जीतने आई थी और जीत गई

देश के सबसे लोकप्रिय शो बिग बॉस के ओटीटी संस्करण के तीसरे सीजन का समापन हो गया। इस शो को सना मकबूल ने यह शो जीत लिया है। सितारों से सजे फिनाले इवेंट में अनिल कपूर ने विजेता के रूप में सना के नाम की घोषणा की। मुखर से अपनी बात रखने और रणनीतिक खेल के लिए जानी जाने वाली सना मकबूल ने प्रतिष्ठित ट्रॉफी और 25 लाख रुपये का नकद पुरस्कार जीता। शो की विजेता बनने के बाद एएनआई के साथ एक साक्षात्कार में सना ने बिग बॉस के घर के अंदर के अपने अनुभव साझा की। साथ ही, उन्होंने शो में होने वाले भावनात्मक उतार-चढ़ाव के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि बिग बॉस के घर में मिली-जुली भावनाएं होती हैं। सना ने कहा, पहले दो हफ्ते सब कुछ ठीक लगता है, लेकिन जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ता है, चीजें बदलती चली जाती हैं। जो लोग साथ बैठते थे वे आपके बारे में बुरा-भला कहने लगते हैं और जो साथ नही बैठते वे आपकी पीठ पीछे और भी ज्यादा बातें करने लगते हैं। उन्होंने कहा, एक समय ऐसा आया जब मैं बिल्कुल अकेली रह गई। घर में अलग-अलग समूह बनने लगे। फिर एक पल ऐसा आया जब मेरे दोस्त दूर होने लगे और ऐसा लगा कि मेरे जो दोस्त थे, जो मुझे समझते थे, मुझे लाड़-प्यार करते थे और मुझे हंसाते थे, वे अब नहीं रहे। उनके साथ रहना, उनके साथ खाना-पीना अच्छा लगता था। मेरे लिए कुछ और मायने नहीं रखता था, क्योंकि ये चार लोग मेरे साथ थे, लेकिन जैसे-जैसे वे जाने लगे, यह और भी बुरा लगने लगा और घर मेरे खिलाफ होता चला गया। लेकिन मुझे लगता है कि यह मेरी दृढ़ इच्छाशक्ति थी कि आपको हार नहीं माननी चाहिए और मैं बहुत केंद्रित थी। कई बार अलग-थलग महसूस करने के बावजूद सना अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहीं। इस पर बात करते हुए उन्होंने कहा, मैं यहां जीतने के लिए आई थी और मैंने जीत हासिल की। अपने प्रशंसकों और साथी प्रतियोगियों के समर्थन उन्होंने दिल से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, मुझे प्यार करने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। आपने मुझे जिद्दी सना से जिद्दी विजेता सना में बदल दिया है। उन्होंने अपनी जीत का श्रेय रैपर नैजी को दिया, जिन्होंने उनकी क्षमताओं पर अटूट विश्वास किया। फिनाले में रैपर नैजी, अभिनेता रणवीर शौरी और साई केतन राव और कंटेंट क्रिएटर कृतिका मलिक सहित अन्य फाइनलिस्ट भी शामिल थे। नैजी दूसरे स्थान पर रहे, जबकि रणवीर को तीसरे स्थान पर संतुष्ट होना पड़ा।



## सिद्धांत चतुर्वेदी और नव्या नवेली की राहें हुईं जुदा?

सिद्धांत चतुर्वेदी और नव्या नवेली नंदा के बीते लंबे समय से रिश्ते में होने की अफवाहें हैं। लेकिन, न तो कभी सिद्धांत और न ही कभी नव्या ने अपने रिश्ते पर खुलकर बात की। हालांकि, दोनों को कई दफा साथ में स्पॉट किया गया। वहीं, इनके कथित रिश्ते की फुसफुसाहट तब शुरू हुई जब दोनों ने एक-दूसरे के सोशल मीडिया पोस्ट पर टिप्पणियों का आदान-प्रदान करना शुरू कर दिया। हालांकि, अब इस कथित जोड़ी के प्रशंसकों के लिए दुखद खबर सामने आई है। रिपोर्ट की मानें तो सिद्धांत चतुर्वेदी और नव्या नवेली ने अपनी राहें अलग कर ली हैं। एक मीडिया रिपोर्ट में यह बताया गया है कि दोनों अब अलग हो गए हैं और ब्रेकअप पूरी तरह से सौहार्दपूर्ण था। साथ ही दो परिपक्व वयस्कों की तरह, दोनों एक-दूसरे के दोस्त बने रहेंगे। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि, ब्रेकअप की अफवाह ने उनके प्रशंसकों को आश्चर्यचकित कर दिया है कि वास्तव में उनके रिश्ते में क्या गलत हुआ कि उन्हें ब्रेकअप का निर्णय लेना पड़ा। हालांकि, न तो सिद्धांत और न ही नव्या ने सार्वजनिक रूप से ब्रेकअप की पुष्टि की है, लेकिन उनकी हालिया सोशल मीडिया गतिविधि से उनके बीच दूरी का पता चलता है। उनके ब्रेकअप की खबर ने प्रशंसकों को निराश कर दिया है, लेकिन वे इस जोड़े को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं भी दे रहे हैं। सिद्धांत चतुर्वेदी ने एक पुराने इंटरव्यू में कहा था कि वह सिंगल नहीं हैं और किसी को डेट कर रहे हैं। वह लड़की फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ी हुई है लेकिन कोई अभिनेत्री नहीं है। सिद्धांत की पुरानी बातों का इशारा भी नव्या की तरफ जा रहा था। एक रिपोर्ट में यह भी कहा गया था कि दोनों अपने रिश्ते को लेकर काफी ज्यादा सीरियस हैं। ऐसे में सामने आई दोनों के ब्रेकअप की खबर ने प्रशंसकों का दिल तोड़ दिया है। काम के मोर्चे पर, सिद्धांत चतुर्वेदी अब बहुप्रतीक्षित फिल्म धड़क 2 में दिखाई देंगे। उनके अलावा, फिल्म में खूबसूरत अभिनेत्री तृप्ति डिमरी भी होंगी। फिल्म का निर्देशन जहां शाजिया इकबाल कर रही हैं। वहीं इसका निर्माण करण जौहर, उमेश केआर बंसल, हीरू यश जौहर, अपूर्व मेहता, मीनू अरोरा और सोमेन मिश्रा कर रहे हैं।



## कल्कि 2898 एडी की सफलता के लिए दीपिका ने जताया आभार

बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण और प्रभास स्टारर फिल्म कल्कि 2898 एडी को दर्शकों ने खूब प्यार दिया है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म सफलता के झंडे गाड़ रही है। फिल्म को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के बाद हाल ही में दीपिका पादुकोण ने अपने फैंस के साथ वर्चुअली रूप से जुड़ी। उन्होंने फिल्म को दर्शकों से मिले प्यार और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया है। कैजुअल लुक में डेनिम जैकेट पहने दीपिका फैंस के साथ जुड़कर बेहद खुश नजर आई।

### फैंस से बातचीत कर खुश हुई दीपिका पादुकोण

दीपिका पादुकोण ने फैंस से बातचीत के दौरान सवालों का जवाब देते हुए बातचीत में गर्मजोशी ला दी। इस दौरान फैंस के प्रति अभिनेत्री का भरपूर प्यार देखने को मिला। उनके उस स्वभाव से उनके प्रशंसकों के चेहरे पर भी मुस्कान खिल उठी। सभी फैंस ने दीपिका को एक के बाद एक बड़ी सफल फिल्में देने के लिए उनको बधाई देना शुरू कर दिया। अभिनेत्री ने फैंस के साथ अपने शानदर पलों को सोशल मीडिया पर साझा किया है।

लगातार कई सफल फिल्में दे चुकी दीपिका पठान, जवान, फाइटर और अब कल्कि 2898 एडी समेत दीपिका पादुकोण ने बॉक्स ऑफिस पर लगातार कई सफल फिल्में दी हैं। उनकी ये सफलताएं उन्हें हिंदी सिनेमा की सबसे सफल अभिनेत्री के रूप में स्थापित करती हैं। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित कल्कि 2898 एडी को एक मेगा ब्लॉकबस्टर के रूप में सराहा गया है। फिल्म में अभिनेत्री ने गर्भती महिला का किरदार निभाया है। फिल्म में दीपिका के साथ प्रभास, अमिताभ बच्चन, कमल हासन और दिशा पाटनी नजर आई हैं।

### लेडी सिंघम के किरदार में आएंगी नजर

दीपिका इन दिनों अपनी प्रेगनेंसी को एंजॉय कर रही हैं। रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण सितंबर में अपने पहले बच्चे का स्वागत करने की उम्मीद कर रहे हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो दीपिका जल्द ही रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन में नजर आएंगी। दर्शकों को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। ये फिल्म दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## वेब सीरीजचंगेज में राजस्थानी किरदार निभाएंगे समर्थ जुरेल



टीवी अभिनेता समर्थ जुरेल के प्रशंसकों के लिए एक बड़ी खबर सामने आ रही है। समर्थ जल्द ही ओटीटी पर अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। यह एक एक्शन थ्रिलर वेब सीरीज होने वाली है, जिसे इसी साल रिलीज करने की योजना बनाई जा रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, समर्थ जुरेल जिस वेब सीरीज में अभिनय करते दिखेंगे, उसका नाम चंगेज है। इसका निर्देशन जजविंदर सोढ़ी द्वारा किया जा रहा है। इसकी कहानी एक गैंगस्टर पर आधारित है। कहा जा रहा है कि समर्थ राजस्थानी रोल में दिखाई देंगे। वेब सीरीज चंगेज में समर्थ जुरेल के साथ-साथ दिग्गज अभिनेता यशपाल शर्मा भी अहम रोल में दिखाई देंगे। इन दोनों के अलावा चितरंजन त्रिपाठी और उज्ज्वल चोपड़ा भी इसमें काम करते हुए दिखेंगे। फिलहाल सीरीज के मुख्य कलाकारों के बारे में खुलासा होना बाकी है। उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही आधिकारिक तौर पर पूरी स्टारकास्ट के बारे में जानकारी दे दी जाएगी। रिपोर्ट के अनुसार, चंगेज की टीम ने हाल ही में, अपने चंडीगढ़ शेड्यूल का काम खत्म किया है। इसकी शूटिंग काफी पहले से चल रही थी और अब बचे हुए हिस्सों को फिल्माने का काम किया जाएगा। कहा जा रहा है कि बची हुई शूटिंग को मुंबई में पूरा किया जाएगा। मालूम हो कि समर्थ जुरेल टीवी शो उड़ारियां और मैत्री में काम कर चुके हैं।

## गर्लफ्रेंड गैब्रिएला से आखिर क्यों शादी नहीं करना चाहते अर्जुन रामपाल, बताई वजह!

अर्जुन रामपाल इन दिनों फिल्मों से कम और अपने निजी जीवन को लेकर सुर्खियों में ज्यादा रहते हैं। इससे पहले अर्जुन ने मेहर जेसिया के साथ अपनी असफल शादी के बारे में कई बातें बताई थीं। अब अर्जुन ने अपनी गर्लफ्रेंड गैब्रिएला डेमेट्रिएड्स के साथ उनके रिश्ते के बारे में खुलकर बातचीत की है। साथ ही अर्जुन ने शादी को लेकर अपनी प्रतिक्रिया बताई, कि आखिर वो क्यों अपनी गर्लफ्रेंड गैब्रिएला से शादी नहीं करना चाहते हैं। बता दें अर्जुन पिछले पांच सालों से गैब्रिएला को डेट कर रहे हैं। अर्जुन रामपाल और गैब्रिएला डेमेट्रिएड्स ने अपने रिश्ते के लिए गैर-पारंपरिक रास्ता चुना है। यह जोड़ा तकरीबन पिछले पांच सालों से साथ में है और उनके दो बेटे भी हैं, लेकिन उन्होंने शादी करने का विकल्प ही नहीं चुना है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अर्जुन रामपाल ने एक नए इंटरव्यू के दौरान कहा, शादी लोगों को बदल सकती है। आखिरकार एक कागज का टुकड़ा ही है। इसके साथ ही अर्जुन ने कहा कि उनके दिमाग में वह पहले से ही गैब्रिएला से शादीशुदा हैं मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अर्जुन ने एक शो के दौरान कहा, यह मैं नहीं हूं, यह वह नहीं है। शादी क्या है? आखिर एक कागज का टुकड़ा ही तो है। मुझे लगता है कि हम पहले से ही शादीशुदा हैं और इस बारे में मेरे मन में कोई संदेह नहीं है। लेकिन, कभी-कभी शादी का कागज का टुकड़ा भी आपको बदल सकता है। क्योंकि ऐसा लगता है कि यह स्थायी है, वास्तव में यह एक गलत धारणा है, लेकिन आप कानूनी रूप से बंधे हुए हैं।
आगे अर्जुन ने यह भी कहा, शादी एक-दूसरे के प्रति आपके नजरिए को बदल सकता है। मुझे लगता है कि हम दोनों ऐसा ही महसूस करते हैं। हमारे बीच जो कुछ भी हुआ वह बहुत स्वाभाविक है। मैं इसके बारे में ज्यादा बात नहीं करना चाहता क्योंकि मैं इसे बदकिस्मत नहीं बनाना चाहता। मुझे नहीं लगता कि मुझे किसी के सामने इसे सही ठहराने की जरूरत है। हमारे लिए, यह खूबसूरत है। आपको इसे जितना हो सके उतना लंबे समय तक अनुभव करना चाहिए। हम दोनों के मन में हम दोनों ही एक-दूसरे से शादीशुदा हैं। हम दोनों एक-दूसरे को सही दिशा में आगे बढ़ा रहे हैं और साथ ही हम बॉयफ्रेंड-गर्लफ्रेंड भी हैं।
मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अर्जुन ने आगे यह भी कहा कि वह शादी के खिलाफ नहीं हैं। आगे अर्जुन ने कहा, मैं किसी को यह सलाह नहीं दे रहा हूं और ना ही आपको शादी के खिलाफ जाने के लिए कह रहा हूं। हो सकता है कि हम शादी कर लें। आप कभी नहीं जानते। अर्जुन ने पहले मेहर जेसिया से शादी की थी, उनकी शादी तकरीबन 20 साल तक चली। इस शादी से उनकी दो बेटियां हैं। एक पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान अर्जुन ने अपने तलाक के बारे में बात करते हुए मेहर से अलग होने की पूरी जिम्मेदारी अपने ऊपर ली।

